Date: 3/8/2026

VS/SW/2026-27/Cir-065

# विचार-मंथन 2026

## अंतर-कक्षा हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता

प्रिय अभिभावकगण,

सादर नमस्कार!

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर तथा विद्यालय की द्विमासिक विषय-वस्तु 'देशभक्ति एवं राष्ट्र-निर्माण' के अंतर्गत विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, प्रभावशाली वक्तृत्व, आत्मविश्वास, शोध-कौशल तथा उत्तरदायी नागरिकता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय में अंतर-कक्षा हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता 'विचार-मंथन 2026' का आयोजन किया जा रहा है।

**केंद्रीय विषय-वस्तु: "स्वतंत्रता से उत्तरदायित्व तक : राष्ट्र-निर्माण में हमारी भूमिका"**

यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को समसामयिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने तथा स्वस्थ एवं सार्थक संवाद के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का अवसर प्रदान करेगी।

**प्रतियोगिता का प्रारूप**

**प्रथम चरण – कक्षा स्तरीय चयन**

**दिनांक : 6 एवं 7 अगस्त 2026**

- प्रतियोगिता संबंधित हिंदी पीरियड के दौरान आयोजित की जाएगी।
- प्रत्येक प्रतिभागी को 1-2 मिनट का समय दिया जाएगा।
- विद्यार्थी दिए गए विषय पर पक्ष अथवा विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।
- कक्षा XI एवं XII के ऐसे विद्यार्थियों के लिए, जिनके विषयों में हिंदी सम्मिलित नहीं है, प्रथम चरण 6 अथवा 7 अगस्त 2026 को अलग सत्र में आयोजित किया जाएगा।
- प्रत्येक कक्षा से श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन अंतिम चरण के लिए किया जाएगा।

**कक्षा-वार विषय**

कक्षा VI एवं VII: मेरी स्वतंत्रता, मेरा उत्तरदायित्व

कक्षा VIII: युवा शक्ति और राष्ट्र-निर्माण

कक्षा IX एवं X: नागरिकता, स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व

कक्षा XI एवं XII: नया भारत : विकास, विविधता और लोकतंत्र

**द्वितीय चरण – अंतिम चरण**

**दिनांक : 12 एवं 13 अगस्त 2026**

●प्रथम चरण में चयनित विद्यार्थी ही अंतिम चरण में भाग लेंगे।

●अंतिम चरण हेतु विषय चयनित प्रतिभागियों को पृथक रूप से प्रदान किए जाएँगे।

●अंतिम चरण का विस्तृत कार्यक्रम चयनित प्रतिभागियों को अलग से सूचित किया जाएगा।

**पंजीकरण**

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण कराएँ।

पंजीकरण लिंक : https://forms.gle/AGwKPHQ1qTm4jbKBA

**पंजीकरण की अंतिम तिथि : 5 अगस्त (शाम 5 बजे)**

"विचारों से जागरूकता, जागरूकता से उत्तरदायित्व और उत्तरदायित्व से राष्ट्र-निर्माण।"

सादर

**हिंदी विभाग**

**विवेकानंद स्कूल**